प्रसारण तिथि : 21.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11वें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को किया संबोधित : कहा– विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव और अशांति के बीच योग दिखाता है शांति का रास्ता।**
2. **प्रदेशभर में 4 हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ और कई केन्द्रीय मंत्री विशेष योग सत्र में हुए शामिल।**
3. **राज्य मंत्रिपरिषद ने शहरी हरित नीति को दी मंजूरी : स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डेन, मकान बनान के लिये लागू होंगे नये मानक।**

**और**

4. **प्रदेशभर में मानसून सक्रिय : राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के विभिन्न हिस्सों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का रास्ता दिखाता है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग**

दिवस को मानवता के लिए 'योग टू प्वाइंट ओ' की शुरूआत के रूप में मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने। उन्होंने कहा कि योग अब व्यक्तिगत अभ्यास न रह कर वैश्विक भागीदारी के माध्यम के रूप में उभरा है। बाइट....

*योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा। लेट दिस योगा डे मार्क द बिगनिंग ऑफ योगा फॉर ह्यूमानिटी टू प्वाएइंट ओ, वेन इनर पीस बिगेन ग्लोबल पॉलिसी।*

आधुनिक शोध के माध्यम से योग के विज्ञान को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के भारत के प्रयासों का जिक्र करत हुए श्री मोदी ने कहा कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान योग अनुसंधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करना है।

——————————

इधर, 11वें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के 4 हजार 75 स्थानों पर एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस क्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर सभागार में योगाभ्यास किया। इससे पहले श्री योगी ने योग साधकों और प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा

कि अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेक देश भारतीय योग की विरासत के साथ जुड़कर गौरवान्वित हो रहे हैं और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। बाइट.....

*योग की परंपरा को आगे बढ़ाने का आधुनिक युग में श्रेय जाता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके प्रयास से यूएनओ ने दो हज़ार चौदह में प्रधानमंत्री बनने के बाद योग की इस विरासत को वैश्विक स्तर पर मान्यता है। देकर के इक्कीस जून की तिथि को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और दुनिया के लगभग एक सौ नब्बे देश भारत के योग की विरासत के साथ जुड़कर के अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।*

वाराणसी के अस्सी घाट पर केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आम नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने सेहतमंद रहने के लिये योग को जरूरी बताया। बाइट....

*आज के जीवन में बहुत तनाव है। हर व्यक्ति के जीवन में बहुत सारी समस्याएं है और ऐसी परिस्थिति में जब हमारा खान पान ठीक नहीं है जब हमारी जीवन शैली अनियमित हो चुकी है और बहुत सारे रोग हमें परेशान कर रहे है। ऐसी परिस्थिति में अपने शारीरिक स्वस्थ्य को मानसिक स्वास्थ्य को और अपने आवश्यक स्वास्थ्यको बिल्कुल दुरूस्त रखने का एक ही मंत्र है योग। तो करे योग रखे निरोग।*

आगरा में आयोजित योग कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने लोगों के साथ योगाभ्यास कर सभी को करो योग– रहो निरोग का संदेश दिया। बाइट....

*शांति के लिये योग का बहुत बड़ा महत्व है। ये डिप्रेशन से निकलता हैख एकाग्रता पैदा करता है और बहत सी बीमारियों का इलाज एलौपैथी और होम्योपैथी के लिये योग के माध्यम से होता है। इसके तमाम उदाहरण है। लोगों के कपाल भारती और अनुलोम विलोग करके बहुत सी बीमारियों पर कंट्रोल किया है।*

वहीं कानपुर नगर में आयोजित योग कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा शामिल हुए। उन्होंने योग के महत्व का जिक्र करते हुए लोगों से इसे अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया।
बाइट....

*योग हमारे जीवन में कितना खुशहाली रहता है। एकाग्रता को पाने के लिए, शांति को पाने के लिए, अपनी कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिए और अपने को स्वस्थ रखने के लिए योग को हम आत्मसात करें। योग को अपनी दिनचर्या का अपनी शैली का हिस्सा बनाएं।*

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ स्थित रेजीडेंसी में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में लोगों के साथ योग किया। इस अवसर पर श्री पाठक ने लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर श्री मौर्य ने लोगों से स्वस्थ्य भारत–सशक्त भारत बनाने के लिये नियमित योगाभ्यास पर जोर दिया।

जौनपुर में प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा जनप्रतिनिधियों के साथ शहर के शाही किला में आयोजित

कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। केन्द्रीय संचार ब्यूरो और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की लखनऊ इकाई द्वारा अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में किया गया। ब्यूरो के निदेशक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि योग दिवस के अवसर पर योग पर आधारित चित्र प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रदेश के सभी जनपदों में सभी तहसीलों, ब्लाकों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राज्य मंत्रिपरिषद ने शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत शहरी निकायो में हरित पहलो और

पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया जायेगा। साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जायेगा और राज्य में नये मकानों के निर्माण के लिये हरित भवन मानक लागू किये जायेंगे। वहीं शहरी इलाकों में मियावाकी पद्धति का इस्तेमाल करते हुए तेज विकास वाले घने मिनी वनों का निर्माण किया जायेगा। नीति के तहत स्कूलों, दफ्तरों और संगठनों के जरिये वृक्षारोपण अभियान चलाये जायेंगे। साथ ही रूफटॉप और वर्टिकल गार्डेन को प्रोत्साहित किया जायेगा। शहरी हरित नीति तीन चरणों में लागू की जायेगी।

पहले चरण में यह नोति 2025 से 2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख नगरों पर ध्यान केन्द्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जायेगा, जिनकी जनसंख्या एक लाख से ज्यादा है। तीसरे चरण में यह नीति राज्य की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू की जायेगी। यह नीति बच्चों के खेलने के लिये सुरक्षित स्थान, पर्यावरणीय शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगी।

————————

अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव के लिए राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछडा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गयी है। कल कैबिनेट ने इस पर अपनी मुहर लगा दी है। आयोग के गठन को मंजूरी मिलने

के बाद अब पंचायत चुनाव की तैयारियों में और तेजो आएगी। आयोग, पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश करेगा और उसी आधार पर पंचायत चुनाव में पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण तय किया जायेगा।

—————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में मानसून की सक्रियता दिखने लगी है। कई स्थानों पर आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने कल के लिये राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले एक सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। कुछ स्थानों पर मध्यम तो कुछ जगहों पर भारी बारिश हाने का पूर्वानुमान है।

(समाप्त)